# मंत्री नारायण सिंह के काफिले पर पथराव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** मध्यप्रदेश सरकार के उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के काफिले पर पथराव हो गया। घटना माधौगंज थाना क्षेत्र की है, जिसमें एक नशेड़ी युवक द्वारा बीच सड़क पर जमकर हंगामा किया गया।

**मंत्री की सुरक्षा में सेंध**
**नशे में धुत युवक ने बीच सड़क पर किया हंगामा**

हालाकि पुलिस द्वारा तत्काल उसे हिरासत में ले लिया गया। चूंकि वह बेहद नशे में था, जिससे उसे



उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। जानकारी के मुताबिक कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह बीती शाम माधौगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जहां से वापस लौटते समय गुढ़ा चक्की के पास उनका काफिला जाम में फंस गया। जिससे वहां मौजूद सुनील सिकरवार नामक युवक भी अपनी गाड़ी नहीं निकाल पाया, तो उसने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसने पहले अभद्रता की और फिर मंत्री के काफिले पर पथराव कर दिया।

**इनका कहना है**
नशे में धुत युवक ने जाम में फंसने पर मंत्री की गाड़ी पर पथराव कर दिया था, जिसे तुरंत पकड़ लिया गया है। हालांकि उसे पता नहीं था कि वह गाड़ी किसकी है।
**दिव्या तिवारी**
**थाना प्रभारी, माधौगंज**

### फॉलो गाड़ी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने पकड़ा

युवक को हंगामा करता देख मंत्री के काफिले में चल रही फॉलो गाड़ी में सवार पुलिसकर्मियों ने तुरंत नीचे उतरकर युवक को पकड़ लिया। वहीं घटना का पता लगते ही माधौगंज थाना प्रभारी दिव्या तिवारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गईं। चूंकि युवक बेहद नशे की हालत में था, जिससे उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत उसके खिलाफ शांति भंग करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### मुझे पता नहीं था कि यह गाड़ी किसकी है

पुलिस द्वारा पकड़ा गया युवक घटना के वक्त बेहद नशे की हालत में था, साथ ही बताया गया है कि मानसिक रूप से कुछ कमजोर है। जिसने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसे पता नहीं था, कि गाड़ी किसकी है और उसमें कौन सवार होकर जा रहा है। जब जाम में फंसकर काफी देर तक गाड़ी नहीं निकाल पाया, तो गुस्से में वह आउट ऑफ कंट्रोल हो गया था।

# महिला के पर्स से सोने की चूड़ियां गायब

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** सोने की चूड़ियों में लाख भरवाकर ऑटो से घर जा रही महिला के बैग से चूड़ियां व 25 हजार रुपए नकद अज्ञात महिला ने चोरी कर लिए। घटना का पता तब चला जब महिला ने ऑटो का किराया देने के लिए बैग खोलकर उसमें से पैसे निकालने चाहे। मामला जनकगंज थाना क्षेत्र के कटी घाटी पर हुआ।

सोने की चूड़ी व रुपए चोरी करने का शक ऑटो में बैठी महिला पर जताया है। पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी चेक कर रही है, जिससे आरोपी महिला का सुराग लगे। रुचि राजावत पत्नी कुलदीप राजावत निवासी एकता नगर बहोड़ापुर 23 नवंबर को सोने की चूड़ियों में लाख भरवाने के लिए ज्वेलर्स की दुकान पर गई थीं। लाख भरवाने के बाद रुचि राजावत ने चूड़ियां अपने पर्स में

**मामला जनकगंज थाना क्षेत्र के कटी घाटी पर हुआ**

रखी लीं और साथ में 25 हजार रुपए थे उन्हें भी बैग में रख लिए। घर जाने के लिए ऑटो में बैठी तो एक और महिला उनके बगल से ऑटो में बैठ गई।

ऑटो में बैठी महिला ने रास्ते में कब और कैसे सोने की चूड़ियां और 25 हजार रुपए पर्स से निकाल लिए रुचि राजावत को इसका पता तक नहीं चला। जब वह ऑटो से उतरीं और किराए के पैसे देने के लिए पर्स निकाला तो देखा कि पर्स की चेन खुली हुई है।

पर्स खोलकर देखा तो पता चला कि सोने की चूड़ियां तथा 25 हजार रुपए गायब हैं। रुचि ने तुरंत यह बात अपने परिजनों को बताई। पुलिस के पास पहुंची रुचि ने बताया कि जो महिला उनके साथ ऑटो में बैठी थी वह कटी घाटी पर उतर गई थी और वहां से किस दिशा में गई उसका पता नहीं चला। जनकगंज थाने के टीआई अतुल सिंह सोलंकी ने बताया कि महिला के पर्स से सोने की चूड़ियां व रुपए चोरी हुए हैं। ऑटो में बैठी महिला पर शक व्यक्त किया है।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में की गई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त श्री टी प्रतिक राव महोदयों के निर्देशानुसार 29 नवम्बर को नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी दीपेंद्र सेंगर द्वारा वार्ड क्रमांक 13 तानसेन रोड एवं तानसेन नगर क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों पर रु. 1,500 तथा नाली में गोबर बहाने वाले भैंस डेयरी संचालकों पर रु. 4,000 का जुर्माना लगाते हुए कुल रु. 5,500 की वसूली की गई। इस कार्यवाही में एएचओ शरण कुमार, ज़ेडएचओ रवि करोसिया तथा डब्ल्यूएचओ वार्ड 13 जीवन यादव उपस्थित रहे।

इसी क्रम में क्षेत्र क्रमांक 6, वार्ड 32 में स्वास्थ्य अधिकारी दीपेंद्र सेंगर के निर्देश एवं जोनल हेल्थ ऑफिसर पवन धवल की



उपस्थिति में दुकानदारों एवं ठेले संचालकों पर गंदगी करने के लिए रु. 2,100 का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई में डब्ल्यूएचओ पिंकल जादौन सम्मिलित रहे। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड 34 में गंदगी फैलाने पर रु. 1,000, वार्ड 41 में पॉलिथीन उपयोग करने पर दुकानदारों पर रु. 3,000 तथा वार्ड 50 में रु. 750 का जुर्माना लगाते हुए कुल रु. 4,750 की वसूली की गई। नगर निगम ग्वालियर द्वारा बताया गया कि स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी प्रकार की नियमित कार्रवाई जारी रहेगी तथा नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया गया।

### सम्पत्तिकर वसूली के लक्ष्यपूर्ति के लिये विशेष वसूली शिविर 05 दिसम्बर से

नगर निगम ग्वालियर द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं पूर्ववर्ती वर्ष के बकाया राजस्व की अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने हेतु विशेष कर वसूली शिविर का आयोजन 5 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक किया जावेगा।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार शिविरों में अधिकतम नागरिकों को कर जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही गतिविधियों के माध्यम से कर जागरूकता बढ़ाने एवं कर रसीद वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त द्वारा सभी बकायेदारों को मूल्यांकन पुनरीक्षण कर बिल लगाकर वसूली सुनिश्चित करने तथा एक लाख से अधिक बकायेदारों एवं शासकीय संस्थाओं से देय राशि की वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने कहा कि निगम स्तर पर की गई समीक्षा में ज्ञात हुआ है कि 20 प्रतिशत वसूली डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा रही है, जिसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

# 5 दिसंबर को कमिश्नर कार्यालय पर सभी समाजों का होगा प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** सकल ब्राह्मण महासमिति के तत्वाधान में सभी समाजों को लेकर 5 दिसंबर दोपहर 2 बजे संभागीय कमिश्नर कार्यालय, विवेकानंद मार्ग पर

**बेटियां, मां जगदंबा का रूप, उनके सम्मान के लिए अंतिम सांस तक लडूंगा : बालेन्दु शुक्ला**

बेटियों के सम्मान में विशाल धरना प्रदर्शन आई ए एस संतोष वर्मा द्वारा बेटियों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी पर संतोष वर्मा को भारतीय प्रशासनिक सेवा से मुक्त करने की मांग को लेकर होने जा रहा है। उसी के समर्थन को लेकर आज हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री बालेन्दु शुक्ला के निवास पर किया गया।

इसकी अध्यक्षता सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉक्टर जयवीर भारद्वाज ने की।




हस्ताक्षर अभियान के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री बालेन्दु शुक्ला ने कहा कि बेटियां चाहे सर्वण समाज की हो, चाहे पिछड़े वर्गो से हो, बेटियां तो बेटियां ही होती हैं। और बेटियां मां जगदंबा का रूप हैं। उनकी अंतिम सांस तक उनके सम्मान में के लिए संघर्ष करने के लिए हर वर्ग को तैयार रहना चाहिए। मैं भी अपने अंतिम सांस तक बेटियों के सम्मान के लिए संघर्ष करूंगा।

डॉक्टर जयवीर भारद्वाज ने कहा कि चंद स्वार्थों को लेकर अजाक्स को बदनाम नहीं करें सामाजिक समरसता में तोड़ने का काम नहीं करें। क्योंकि संतोष वर्मा ने अपने अपराध पर माफी मांग कर सिद्ध कर दिया है कि वह दोषी हैं और दोषी को सजा मिलनी चाहिए। इसलिए सकल हिंदू समाज की बेटियों की रक्षा के लिए बेटियों के सम्मान के लिए आज संघर्ष करने पर मजबूर है।

हस्ताक्षर अभियान के अवसर पर जिझौतिया बृाहमण समाज के अध्यक्ष श्री के पी अरज़रिया जी ने कठोर से कठोर सजा की माँग की। कार्यकारी अध्यक्ष राजीव पस्तोर ने बयान की घोर निंदा की साथ में लोकेंद्र शर्मा प्रमोद पाण्डेय, नगर पाल आर्य , गुर्जर समाज संरक्षक ब्रजेश् गुर्जर ,डॉ मुन्ना लाल शर्मा, ब्रह्म दत्त शास्त्री, महंत सतीश शर्मा केदारपुर ,राजू पंडित, देवेंद्र कुमार पाठक, योगेंद्र दीक्षित, श्रीमती माया भारद्वाज,संगीता शर्मा, रेखा चतुर्वेदी,रचना गौड, रेखा शर्मा, संतोष शर्मा, अनीता योगेंद्र दीक्षित,ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदू समाज को एकजुट होने का आग्रह किया।

# लाखों के माल से भरा ट्रक ले गए चोर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** लक्ष्मीपुरम में अशोक लीलेंड कंपनी के ऑफिस के बगल से खड़े प्लाईबुड से भरा हुआ ट्रक अज्ञात चोर लेकर गायब हो गए। चोरी का पता तब चला जब ड्राइवर कुछ दिन बाद ट्रक लेने

**लक्ष्मीपुरम में एक कंपनी के ऑफिस के बगल से खड़ा था**

पहुंचा। घटना 24 नवंबर की है। बहोड़ापुर पुलिस ने मामला कायम कर गायब हुए ट्रक की तलाश में टीमें उतार दीं।

ट्रक में 7 लाख रुपए का प्लाईवुड भरा है। बृजेश सिंह तोमर पुत्र राजेश सिंह तोमर निवासी गिर्राज कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर ने 24 नवंबर रात को ट्रक नम्बर एमपी 07 जेडटी-6636 में प्लाईवुड लोड करवाया था। प्लाईवुड लोड करवाने के बाद बृजेश तोमर ने ट्रक को लक्ष्मीपुरम में अशोक लीलेंड कंपनी के ऑफिस के पास उसे खड़ा कर दिया और अपने घर चले गए। 25 नवंबर शाम को जब वह ट्रक लेने पहुंचे तो पता चला कि ट्रक गायब है। बृजेश तोमर ने आस-पास पूछताछ की तो लोगों ने बताया कि ट्रक खड़ा तो देखा था पर उसे कौन ले गया यह नहीं मालूम। बृजेश अपने स्तर पर ट्रक का पता करते रहे जब कहीं नहीं मिला तो शुक्रवार को बहोड़ापुर थाने में मामला दर्ज कराया। बहोड़ापुर थाने के टीआई आलोक सिंह परिहार ने बताया कि ट्रक चोरी हुआ है और कुछ सुराग भी मिल गए हैं। इसलिए बहुत जल्द ट्रक को माल सहित बरामद कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस ट्रक व उसे चोरी करने वाले के नजदीक ही है, इसलिए जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में तेजी लाएं, 7 दिन में हर हाल में पूरा करें काम : निगमायुक्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शनिवार को बाल भवन में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुक्त ने सभी क्षेत्राधिकारियों व भवन अधिकारियों को चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि जिन बीएलओ के फॉर्म अभी तक जमा नहीं हुए या डिजिटलाइजेशन अटका है, उन्हें तत्काल पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ 7 दिन शेष हैं, इसलिए बूथ-स्तर पर जाकर कार्य को तेज गति से पूरा किया जाए और हर दिन की प्रगति की



मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से की जाए। बैठक में अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**दक्षिण और पूर्व विधानसभा क्षेत्रों की धीमी रफ्तार पर नाराज़गी-** आयुक्त ने समीक्षा में पाया कि दक्षिण और पूर्व विधानसभा क्षेत्रों में पुनरीक्षण कार्य बेहद धीमा है। उन्होंने कहा कि 'समय कम है, इसलिए अब लक्ष्य पूरा करना ही प्राथमिकता होनी चाहिए।'

**सड़कों की समीक्षा— ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश-** बैठक में शहर की सड़कों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। गारंटी पीरियड वाली सड़कों में यदि कहीं मरम्मत बाकी है, तो संबंधित एजेंसी पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। खराब सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग अभियान चलाने के आदेश जारी किए गए।

जहां जलभराव की स्थिति बनती है, वहां नाले-नालियों के निर्माण के प्रस्ताव तुरंत भेजने को कहा गया, अन्यथा कार्रवाई तय है।

**धूल, मिट्टी और छ्×छ्व वेस्ट पर सख्ती-** आयुक्त ने साफ कहा कि शहर में जहां भी निर्माण कार्य हो रहा है, वहां ग्रीन पर्दा लगाया जाना अनिवार्य है ताकि धूल नियंत्रण में रहे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सड़कों पर कहीं छ्×छ्व वेस्ट न पड़ा हो— अधिकारियों को इस पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

**अंत में कड़ा संदेश**

आयुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि पुनरीक्षण से लेकर सड़क मरम्मत तक, हर कार्य में जिम्मेदारी और समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।

# मजदूरी करके घर जा रहे पति-पत्नी को पीटा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** मजदूरी करने वाले दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर मारपीट हो गई। पीड़ित और आरोपी पक्ष आस-पास ही रहते हैं, परिजनों ने समझाइश देनी चाही तो बात मारपीट में बदल गई। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के पिंटो पार्क

**मोबाइल को लेकर पहले से चला आ रहा है विवाद**

पुलिस चौकी के पास शुक्रवार शाम की है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। रिंकू शाक्य पुत्र रामबरन शाक्य निवासी पिंटो पार्क पुलिस चौकी के आगे मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार को रिंकू अपना काम खत्म करके पत्नी के साथ घर जा रहा था। पिंटो पार्क पुलिस चौकी के आगे रिंकू का सामना सोनम से हो गया। सोनम के साथ दो लड़के सोनू शाक्य व दीपक शाक्य भी थे। आमना-सामना हुआ तो रिंकू के परिजन वहां पहुंच गए और सोनम से कहा कि तुम क्यों परेशान करती हो। सोनम ने कहा कि वह परेशान नहीं करती तुम्ही लोग पुलिस के पास जाते हो। इसी बात पर विवाद हो गया और सोनम के साथ आए दीपक व सोनू ने रिंकू के साथ मारपीट करना शुरु कर दी। रिंकू की पत्नी उसे बचाने आई तो उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट से रिंकू व उसकी पत्नी घायल हो गए। घायल हालत में ही रिंकू व उसकी पत्नी गोला का मंदिर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों की हालत देखी तो पहले मेडिकल के लिए अस्पताल लेकर गए और फिर आरोपी सोनम, दीपक शाक्य तथा सोनू शाक्य के खिलाफ मामला कायम कर लिया।

# सदर बाज़ार मुरार में फायरिंग करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** मुरार सदर बाज़ार में फायरिंग करने बाले दो इनामी आरोपी पुरानी छावनी क्षेत्र में देखे गये हैं। मुखबिर की इस सूचना पर पुलिस ने बताये स्थान रेल की पटरी के पास पहुंचकर वहां पर दो लड़के रेल की पटरी के पास खड़े देखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे, जिनका पुलिस ने पीछा किया और काफी मशक्कत करने के उपरान्त दोनों लोगों को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया। पकड़े गये दोनों लड़कों से नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम नितिन यादव पिता बिचित्र यादव उम्र 20 साल निवासी आर्मी चौराहे के पास थाना मुरार एवं दूसरे ने अपना नाम जितेन्द्र कुशवाह उर्फ जीतू पिता राजनारायण कुशवाह उम्र 21 साल निवासी न्यू गुलाबपुरी फेस 02 बड़ागांव मुरार का होना बताया।

मौके पर ही पुलिस द्वारा दोनों की तलाशी लेकर उन्हे विधिवत गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये दोनों आरोपियों की उक्त घटना में भूमिका यह रही कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू कुशवाह दुकान के बाहर फायर करता हुआ दिख रहा है एवं आरोपी नितिन यादव घटना के समय मोटर

**10-10 हजार का था इनाम,5 इनामी आरोपियों को पुलिस द्वारा पूर्व में ही किया जा चुका है गिरफ्तार**

साइकिल पर बैठा फायर करता हुआ दिख रहा है, जिसकी पुष्टि अन्य गिरफ्तार आरोपी हिमांशु और अरविन्द द्वारा भी की गई है। गिरफ्तार किये गये आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू कुशवाह पर गोहद जिला भिण्ड में पूर्व से लूट का एक प्रकरण तथा आरोपी नितिन यादव के खिलाफ पूर्व से थाना बिजौली में एक प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस गिरफ्तार किये गये आरोपियों से उनके अन्य साथियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है।

गौरतलब है कि 24 नवंबर को ग्वालियर शहर के थाना मुरार क्षेत्रान्तर्गत सदर बाज़ार में उदय ज्वैलर्स एवं विवाह साड़ी की दुकान पर चार हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने जान से मारने की नियत से अवैध हथियारों द्वारा कई राउंड फायर किए थे। जिस पर थाना मुरार में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने सभी आरोपियों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। उक्त प्रकरण में ग्वालियर पुलिस द्वारा 10-10 हजार के 5 इनामी आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में आज रहेगा जलप्रदाय प्रभावित

ग्वालियर, 29 नवम्बर। सहायक यंत्री मोतीझील हेमंत कुमार शर्मा ने बताया कि आज शनिवार को प्रात: गोले का मंदिर स्थित श्याम वाटिका के सामने 160 एमएलडी जलालपुर परियोजना से जुड़ी 500 मिमी व्यास की पंपिंग मेन में रिसाव (लीकेज) होने के कारण दोपहर 11 बजे से शाम 7 बजे तक डी.डी. नगर, मुरार एवं शारदा विहार की पंपिंग व्यवस्था बाधित रही। श्री शर्मा द्वारा बताया गया कि पंपिंग बंद रहने से 160 एमएलडी जलालपुर स्रोत से ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की 33 ओवरहेड टंकियों को पूर्ण क्षमता तक भरा नहीं जा सका। उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए 30 नवम्बर की प्रात :कालीन जलापूर्ति ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के संबंधित क्षेत्रों में प्रभावित रहेगी।

# आईटीएम में 'कल्चरल सेलिब्रेशन' थीम पर इंट्रोडक्शन पार्टी का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 नवम्बर.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए कल्चरल सेलिब्रेशन थीम पर इंट्रोडक्शन पार्टी-2025 का आयोजन किया गया। संस्थान के नाद एम्फीथिएटर के खूबसूरत मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, डायरेक्टर आईक्यूएसी डॉ. वानी अग्रवाल, डीन एकेडमिक प्रोफेसर रंजीत सिंह तोमर, डीन स्टूडेंट एंड वेल्फेयर तृप्ति पाठक सहित विभिन्न विभागों के विभागध्यक्ष, एचओडी, डीन प्रोफेसर, एसोएिट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इंट्रोडक्शन पार्टी-2025 के अवसर छात्र-छात्राओं ने कल्चरल सेलिब्रेशन थीम पर क्लासिकल और फोक डांस के साथ-साथ भारतीय परंपरा की अनूठी झलकियों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इंट्रोडक्शन पाटी-2025 का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवल कर किया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने सरस्वती



वंदना की प्रस्तुति दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने बैंड परफोरमेंस दिया। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं वैलकम किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर



को नैक द्वारा ए-ग्रेड प्रदान किया गया। इस संस्थान में आप किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक और सांस्कृति ज्ञान भी अर्जित कर सकेंगे। इसके बाद गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ ही पंजाबी ग्रुप डांस की प्रस्तुति हुई। जहां छात्र-छात्राओं ने गिद्दा भांगड़ा डांस की अनोखी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

### सानिया मिस और यशवर्धन सिंह को मिला मिस्टर फ्रेशर का खिताब

बोहो बाढ़ (प्रकृति अस्तित्व और स्थिरतां) थीम पर मिस्टर एंड मिस फ्रेशन राउंड का आयोजन किया गया। जहां कई छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर न सिर्फहिस्सा लिया बल्कि प्रकृति को सहेजने का संदेश भी दिया। इस दौरान नेपाल, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु, हैदराबाद सहित विभिन्न राज्यों में प्रचलित संस्कृतियों और प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए रंगे-रचे छात्र-छात्राओं ने बखूबी स्टेज परफॉर्म किया। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी राउंड में सभी ने अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया। जहां हर कोई जीत का ताज अपने सिर पर सजाने के लिये बेताव नजर आ रहा था। अंत में वह क्षण भी आया जब यह अनाउंस किया गया। जहां छात्रा सानिया (बीएएलएलबी) ने मिस फ्रेशर का खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ ही छात्र यशवर्धन सिंह (बीजेएमसी) मिस्टर फ्रेशर चुने गए। वहीं छात्रा सबा खान (बीबीए) और छात्र शिवांश (बीसीए) रनअरप रहे।

### राजस्थानी घूमर के साथ गुजराती और नेपाली डांस की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं ने मोहा सभी का मन

इंट्रोडक्शन पार्टी-2025' के दौरान नाद एम्फीथिएटर के मंच पर गुजरात की संस्कृति की झलक नजर आई। जहां छात्र-छात्राओं ने गुजराती ड्यूएट डांस और नेपाली सोलो डांस की प्रस्तुति दी। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने नेपाली गानों की मनमोहन प्रस्तुति के साथ ही राजस्थानी घूमर डांस की अनोखी पेशकश की। इंट्रोडक्शन पार्टी-2025' के अवसर पर इस बार छात्र-छात्राओं ने महाभारत नृत्य नाटिका का आयोजन भी किया। इस नृत्य नाटिका के माध्यम से महाभारत के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख किया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95